



राज्यपाल मंगुभाई पटेल से निवर्तमान मुख्य सचिव अनुराग जैन ने गुरुवार को लोकभवन में सौजन्य भेंट की। राज्यपाल ने अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। वहीं मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल का स्वागत किया और निवर्तमान मुख्य सचिव अनुराग जैन को विदाई दी।

# पुलिस में 9,662 पदों पर भर्ती को मंजूरी, जल्द शुरू होगी प्रक्रिया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए विभिन्न श्रेणियों के 9,662 पदों पर भर्ती के लिए प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के बाद गृह विभाग ने एक ही दिन में चार अलग-अलग आदेश जारी कर भर्ती प्रक्रिया को मंजूरी दी है।




सरकार के अनुसार हाल ही में पुलिस विभाग में करीब 25 हजार अधिकारियों और कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई है। इसके बाद रिक्त पदों को शीघ्र भरने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में सूबेदार, सहायक उपनिरीक्षक, उपनिरीक्षक और अन्य तकनीकी पदों सहित विभिन्न श्रेणियों में भर्ती की स्वीकृति प्रदान की गई है।

स्वीकृत पदों में सबसे अधिक 7,500 आरक्षक (जीडी) और 1,000 आरक्षक (चालक) के पद शामिल हैं। इसके अलावा सूबेदार, सहायक उपनिरीक्षक, उपनिरीक्षक, आयुध, अंगुल चिन्ह, फोटो तथा अन्य श्रेणियों के कुल 1,162 पदों पर भी सीधी भर्ती की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया पूरी होने से पुलिस बल की क्षमता बढ़ेगी और कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में कुल 18 हजार पदों पर भर्ती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में 9,662 पदों की स्वीकृति के बाद शेष पदों के लिए भी जल्द आदेश जारी किए जाएंगे। उन्होंने पदोन्नति की प्रक्रिया को भी लगातार जारी रखने और सितंबर में अगले चरण के आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं।

### यातायात होगा और सुगम

# इंदौर को मिला प्रदेश का पहला डबल लेयर फ्लाईओवर

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को इंदौर में 175 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मध्यप्रदेश के पहले डबल लेयर फ्लाईओवर की एक भुजा का लोकार्पण किया।

लवकुश चौराहा स्थित इस परियोजना को उन्होंने आधुनिक इंजीनियरिंग और अधोसंरचना विकास का महत्वपूर्ण उदाहरण बताते हुए कहा कि इंदौर और विकास एक-दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखकर तैयार किया गया यह फ्लाईओवर इंदौर-उज्जैन मार्ग पर बढ़ते यातायात को सुगम बनाएगा। इसके शुरू होने से यात्रा का समय कम होगा, ईंधन की बचत होगी, ट्रैफिक जाम में कमी आएगी और लोगों को सुरक्षित तथा सुविधाजनक आवागमन मिलेगा। उन्होंने इसे विकसित इंदौर और विकसित मध्यप्रदेश की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।



करीब 1,450 मीटर लंबे इस फ्लाईओवर का निर्माण इंदौर विकास प्राधिकरण ने कराया है। परियोजना की विशेषता इसकी त्रिस्तरीय यातायात व्यवस्था है, जिसमें नीचे सामान्य यातायात, मध्य स्तर पर वर्तमान फ्लाईओवर और मेट्रो कॉरिडोर तथा सबसे ऊपर नया डबल लेयर फ्लाईओवर संचालित होगा। निर्माण में 800 टन स्टील संरचना और अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है।फिलहाल फ्लाईओवर की एक भुजा शुरू होने से अरविंदो क्षेत्र से बाणगंगा की ओर आवागमन आसान होगा। दूसरी भुजा का निर्माण अंतिम चरण में है।

## मुख्यमंत्री आज पन्ना को देंगे 204 करोड़ के 22 विकास कार्यों की सौगात

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को पन्ना जिले के प्रवास पर 204 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से तैयार 22 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। जिला मुख्यालय स्थित होमगार्ड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में 94 करोड़ 63 लाख रुपये के छह कार्यों का लोकार्पण तथा 109 करोड़ 63 लाख रुपये के 16 कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री गुनौर और पवई के शासकीय सांदीपनि उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा शासकीय महाविद्यालय पवई के नए भवनों का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा बृजपुर और सुहावा बैराज योजना, बृहस्पति कुंड के सौंदर्यीकरण, ग्लास फ्लोर और व्यू प्वाइंट सहित कई विकास कार्य जनता को समर्पित किए जाएंगे। कार्यक्रम में चार प्रमुख मार्गों के सुदृढ़ीकरण, डायमंड म्यूजियम, संयुक्त एसडीएम कार्यालय भवन, छत्रसाल पीजी कॉलेज के विज्ञान भवन के उन्नयन, सड़क एवं डिवाइडर निर्माण तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जल प्रबंधन कार्यों का भूमिपूजन भी होगा। इसके साथ ही पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में नए भवन, छात्रावास निर्माण, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पवई तथा विद्यालयों के उन्नयन सहित विभिन्न अधोसंरचना परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी।



# यूसीसी के समर्थन में विभिन्न संगठनों ने मुख्यमंत्री का किया स्वागत

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर इंदौर में विभिन्न धर्मों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री के इंदौर आगमन पर एयरपोर्ट पहुंचे प्रतिनिधियों ने यूसीसी के समर्थन में अपनी सहमति जताई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समान नागरिक संहिता का उद्देश्य सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था संविधान की मूल भावना के अनुरूप सामाजिक समरसता, समानता और न्याय को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश सरकार सभी वर्गों के हितों की रक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने समर्थन देने वाले सभी धर्मों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज का सहयोग प्रदेश में सामाजिक सौहार्द और समावेशी विकास को और मजबूती देगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## मंत्री चैतन्य काश्यप ने सुनीं कार्यकर्ताओं की समस्याएं



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेशभर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर प्राप्त आवेदनों और समस्याओं की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा।

## नई दिल्ली में मिलेगा प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय मंच

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में निर्मित उत्पादों को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव-2026 में राष्ट्रीय स्तर का मंच मिलेगा। महोत्सव में प्रदेश के हस्तशिल्प, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों तथा जनजातीय उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में गुरुवार को कान्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रतिनिधिमंडल ने अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई से भेंट कर आयोजन को लेकर चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सुनील जैन, संदीप गोधा तथा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा शामिल थे। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, इंडियन ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन तथा कान्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के संयुक्त तत्वावधान में 12 से 15 अगस्त तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में भारतीय व्यापार महोत्सव-2026 आयोजित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि यह देश का पहला और सबसे बड़ा स्वदेशी व्यापार महोत्सव होगा। इसमें देशभर के उद्योग, व्यापार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, नव उद्यम, भौगोलिक संकेतक उत्पाद, हस्तशिल्प तथा निवेश से जुड़े व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे।

बैठक में यह भी बताया गया कि महोत्सव में मध्य प्रदेश सरकार चार से पांच प्रदर्शनी कक्ष स्थापित करेगी, जिससे प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान मिल सके। अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने शासन की सहभागिता पर सकारात्मक आश्वासन दिया तथा राज्य के विभिन्न विभागों के माध्यम से महोत्सव में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की।

### अपनी ही सरकार पर बरसे भाजपा विधायक

# पीडब्ल्यूडी मंत्री की प्राथमिकता में नहीं पाटन-जबलपुर सड़कःबिश्नोई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री अजय बिश्नोई ने शहपुरा पुल के निर्माण में हो रही देरी और पाटन-जबलपुर मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर अपनी ही सरकार को घेरते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि शहपुरा पुल पांच महीने बाद भी चालू नहीं हो सका है, जिससे भोपाल-जबलपुर का भारी वाहन यातायात पाटन मार्ग से गुजर रहा है। इससे सड़कें जर्जर हो चुकी हैं और लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं।



अजय बिश्नोई ने अपनी पोस्ट में लिखा कि भोपाल-जबलपुर मार्ग का ट्रैफिक पाटन की ओर डायवर्ट होने से 'आज फिर एक जान चली गई।' बिश्नोई ने कहा कि जबलपुर-पाटन सड़क को चौड़ा और मजबूत करने की योजना बजट में शामिल है, लेकिन इसे अब तक मंजूरी नहीं मिली। उन्होंने आरोप लगाया कि यह परियोजना लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की प्राथमिकता में नहीं है, जिसके कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है।

**मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र**

विधायक ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर उन्हें पत्र सौंपा है। पत्र में पाटन-जबलपुर और पाटन-मानकेड़ी सड़क परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए जल्द निर्माण प्रक्रिया शुरू कराने का आग्रह किया गया है, ताकि डायवर्ट ट्रैफिक के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### नीट प्रश्नपत्र प्रकरण पर भाजपा का कांग्रेस पर हमला

# छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को नहीं बख्शा जाएगा : खण्डेलवाल




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने गुरुवार को दतिया में आयोजित पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र प्रकरण को लेकर कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संसद में सार्थक चर्चा करने के बजाय छात्रों को भ्रमित कर रही है, जबकि केंद्र सरकार इस विषय पर चर्चा और समाधान दोनों के लिए तैयार है। श्री खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर प्रश्नपत्र प्रकरण से जुड़े मामलों की सुनवाई त्वरित न्यायालयों में कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा तथा सभी मामलों का शीघ्र निस्तारण कर कठोर दंड सुनिश्चित किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की जांच लगभग पूरी हो चुकी है और शीघ्र ही गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध आरोप पत्र प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी दल संसद में चर्चा से बच रहे हैं तथा छात्रों के मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विपक्ष के सुझावों का स्वागत करने के लिए तैयार है और परीक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी तथा सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से आवश्यक कानूनी और प्रशासनिक कदम लगातार उठाए जा रहे हैं।



## पुलिस मुख्यालय के चर्चे...

• डॉ. शिशिर उपाध्याय

### • हवन करते हाथ जले



हमारे यहां हवन करते हाथ जलने की कहावत तो सबने सुनी है, लेकिन इसे चरितार्थ होते मध्यप्रदेश में देखने को मिला। पिछले दिनों कुछ स्थानीय स्कूली बच्चों का आग्रह था कि प्रदेश के मुखिया उनके स्कूल में पधारें। भावनाओं में बहकर एक सीधी भर्ती के साहब ने बच्चों की खुशी के लिए उन्हें आगे कर मुखिया जी को रोकने का दुस्साहस कर लिया। बाद में उनके साथ जो हुआ, उसे ही कहते हैं हवन करते हाथ जलना।

### • दौरा तो किया, लेकिन ऑफिशियल या निजी...

एक जिले में पदस्थ बड़े साहब ने अपने एक परिजन की विशेष फरमाइश पर मध्यप्रदेश की सीमाओं से दूर एक जिले में कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद चुपचाप अपने जिले में वापसी कर ली। लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से साहब के कुछ फोटो और वीडियो उनसे भी ऊपर बैठे बड़े साहब तक पहुंच गए। अब सवाल-जवाब का दौर शुरू हो गया है। साहब यह नहीं बता पा रहे हैं कि यह दौरा ऑफिशियल था या निजी। यदि निजी था, तो फिर अनुमति कहां है?



### • अचानक प्रमोशन की लॉटरी लगी...




लगभग दस से बारह साल से प्रमोशन का इंतजार कर रहे विभाग के बहुत से अधिकारियों ने उम्मीद ही छोड़ दी थी कि उनका रिटायरमेंट से पहले कुछ हो पाएगा। लेकिन अचानक कुछ ही घंटों में मिली खुशियां समा नहीं रही हैं। कुछ को तो भरोसा ही नहीं हो रहा कि उनके स्टार बढ़ गए हैं।

### • साहब के साहब बनने का गम...

अचानक हुए कुछ घटनाक्रमों ने कहीं खुशी, कहीं गम की स्थिति बना दी है। 20 बरसों से एक ही पद पर कार्यरत कुछ लोगों को प्रमोशन का लाभ मिलेगा, यह तो ठीक है, परंतु छोटे साहब, जो कुछ साल पहले ही नौकरी पर आए थे और जिनके अंडर में वे काम कर रहे हैं, अचानक उन्हीं साहब के साहब बनने पर प्रमोशन पाने वाले कुछ नव-प्रमोटी साहबों को अच्छा नहीं लगा। यही कारण है कि वे अपना या साहब का तबादला चाहते हैं।



### • घर के भेदिए की तलाश...



पिछले कुछ महीनों में मध्यप्रदेश के लॉ एंड ऑर्डर संभालने वाले महकमे की कुछ टीमों की छापेमारी के दौरान पिटाई हो रही है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए जाते हैं, वे वहां मिलते नहीं हैं। खाली हाथ लौटना पड़ता है और हमला भी हो रहा है। इन दिनों ऐसे जिलों में यह तलाशने की कोशिश शुरू हो गई है कि आखिर छापे से पहले सूचना अपराधियों तक कैसे पहुंच रही है। घर में कोई भेदिया तो नहीं है।

### • नंबर बढ़ाने फोर्स हुई सक्रिय...



प्रदेश के मुखिया द्वारा जब से यह घोषणा की गई है कि आंदोलनकारियों को टेंट लगाकर यदि जनता को परेशान होना पड़े, तो ऐसे पुलिस अधिकारी को मैं अक्षम मानता हूं, तब से प्रदेश भर के बड़े अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। सभी की कोशिश आंदोलनकारियों को असफल बताकर अपने नंबर बढ़ाने में लगी हुई है।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com